Dr. Sangita Kumari Saha
B.A - D - II (4) IIIrd paper.

## Generalized Anxiety disorder - Symptoms & Etiology

DSM-IV (TR) में Anxiety disorder से तात्पर्य वैसे विकृति से होता है जिनमें Client या रोगी में अवास्तविक चिन्ता एवं आतंकित डर की मात्रा इतनी अधिक होती है कि उसमें उसका सामान्य जिन्दगी का व्यवहार Maladapted हो जाता है तथा इसमें व्यक्ति अपने चिन्ता की अभिव्यक्ति विल्कुल ही स्पष्ट ढंग से करता है।

सामान्यीकृत चिन्ता विकृति एक अन्य चिन्ताविकृति है जिसपर DSM-IV (TR) में विशेष ध्यान दिया गया है। Generalized Anxiety Disorder (GAD) एक ऐसी विकृति है जिसमें रोगी chronic अवास्तविक या अत्यधिक चिन्ता से ग्रस्त रहता है। इस तरह की चिन्ता को free floating anxiety कहा जाता है। इस प्रकार के रोग से ग्रसित व्यक्ति हमेशा तनाव, चिन्ता एवं विस्तरित अशान्ति की दुनिया में होता है। DSM-IV TR के अनुसार यदि किसी व्यक्ति की जिन्दगी कम से कम छह माह ऐसे बीते हों जिसमें अधिकतर अवधि में उसे अवास्तविक एवं अत्यधिक चिन्ता बना हुआ रहा हो तो उसे Generalized Anxiety disorder का रोगी कहा जाएगा।

### Symptoms of GAD

**Emotionally** – ऐसे रोगी बेचैन, तनावग्रस्त, सतर्क एवं हैरान दिखते हैं। हृदय आघात, मर जाने या नियंत्रण खोने जैसी बातों को सोच सोचकर परेशान रहता है। **Cognitively** वह हमेशा कुछ बुरा होने की उम्मीद कर परेशान रहता है।

**Physically** – जिनमें पसीना आना, हृदय गति तीव्र होना, पेट की गड़बड़ी होना, सिर का दर्द, अनुभवी चिड़चिड़ा होना आदि है। ऐसे व्यक्ति जल्दी ही थकान का अनुभव करते हैं।

**Behaviourally** – रूप से ऐसे व्यक्ति हमेशा अपने आप को दूसरों से छुपाते हैं। ऐसे व्यक्ति को किसी निर्णय पर पहुँचने पर कठिनाई होती है। जीवन की तनावपूर्ण घटनाओं के अनुसार GAD महिलाओं में पुरुषों की अपेक्षा अधिक होता है।

Ajanta Products Oxford

Scanned with CamScanner